## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 16.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

### निकाय चुनाव

निर्वाचन आयोग ने कल प्रदेश में होने वाले शहरी निकाय चुनावों के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और पोलिंग पार्टियों को गंतव्य स्थानों पर भेज दिया गया है। शहरी निकायों को लेकर प्रदेश में 4 सौ 39 पदों के लिए एक हज़ार एक सौ 47 उम्मीदवार मैदान में हैं। नगर निगम के चुनाव पार्टी चिन्ह पर करवाए जा रहे हैं और मुख्य मुकाबला कांग्रेस व भाजपा के बीच माना जा रहा है। नगर पंचायतों और नगर परिषदों के चुनाव पार्टी चिन्ह पर नहीं करवाए जा रहे हैं। शहरी निकाय चुनावों में लगभग 3 लाख 80 हज़ार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। धर्मशाला, पालमपुर, मण्डी और सोलन नगर निगमों सहित प्रदेश के 51 शहरी निकायों के लिए कल सुबह 7 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक मतदान होगा। नगर परिषद और नगर पंचायतों के लिए डाले गए वोटों की गिनती मतदान खत्म होने के तुरंत बाद शुरू होगी और कल शाम तक परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। इसके अलावा नगर निगमों के लिए डाले गए वोटों की गिनती 31 मई को होगी।

### विक्रमादित्य सिंह

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शहरी निकायों में पार्टी की जीत का दावा किया है। उन्होंने आज शिमला में कहा कि चारों नगर निगमों में कांग्रेस पार्टी ने ईमानदार व कर्मठ प्रत्याशी उतारे हैं और सभी शहरी निकायों का संतुलित विकास करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

### बिंदल

दूसरी ओर, प्रदेश भाजपा ने भी नगर निगम चुनावों में अपनी जीत का दावा किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आज नाहन में कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने शहरी निकायों में विकास कार्यों की अनदेखी की है और लोगों को झूठी गारंटियां दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि चारों नगर निगमों में भाजपा की जीत से विकास का नया दौर शुरू होगा और जनता को कांग्रेस सरकार की विफलताओं से मुक्ति मिलेगी। बिंदल ने कहा कि भाजपा की जीत के बाद नगर निगमों में पेयजल, पार्किंग, सड़क और अन्य आधारभूत सुविधाओं को विकसित किया जाएगा।

### कांगड़ा

प्रदेश के सबसे बड़े ज़िले कांगड़ा में मतदान को लेकर प्रशासन ने विशेष प्रबंध किए हैं। ज़िले में धर्मशाला और पालमपुर नगर निगमों के अलावा अनेक नगर परिषदों व नगर पंचायतों में मतदान हो रहा है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने बताया कि मतदान केन्द्रों के सौ मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की पार्किंग या अन्य गतिविधि की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने ज़िले के सभी मतदाताओं से वोट डालने की अपील की है।

### सिरमौर डीसी

शहरी निकाय चुनावों के अलावा प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों को लेकर भी गतिविधियां जारी हैं। राज्य में इस बार 26, 28 और 31 मई को तीन चरणों में पंचायती राज चुनाव करवाए जा रहे हैं। सिरमौर ज़िले में 28 पंचायतें निर्विरोध चुनी गई हैं और सरकार द्वारा इन्हें 25–25 लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। ज़िला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका वर्मा ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए ज़िले में कुल 3 हज़ार 9 सौ 9 प्रत्याशी अपना भाग्य आज़मा रहे हैं।

### सफाई कर्मी

शिमला शहर में सैहब सोसायटी से जुड़े सफाई कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं जिससे सफाई व्यवस्था पर असर पड़ा है। शिमला नगर निगम के महापौर सुरेन्द्र चौहान ने सफाई कर्मचारियों से हड़ताल समाप्त कर काम पर लौटने की अपील की है। उन्होंने आज शिमला में कहा कि चुनाव आचार संहिता के बाद 10 फीसदी वेतन वृद्धि का फैसला लिया जाएगा और वे सफाई कर्मचारियों की सभी जायज़ समस्याओं को मुख्यमंत्री व शहरी विकास मंत्री से उठाएंगे।